https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/ instagram.com/palpalrajasthannews https://www.youtube.com/@PalpalRajasthan/ palpalrajasthan8@gmail.com

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 4 | अंक : 74 | RAJHIN/2021/81855 | उदयपुर, बुधवार, 23 अप्रैल 2025 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

ANANTA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH CENTRE
एक विश्वास बेहतर जिन्दगी का
ANANTA HOSPITAL

## सार संक्षेप

### मोदी जेद्दा पहुंचे हुआ भव्य स्वागत



जेद्दा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के लिए जेद्दा पहुंचे, इस दौरान उनका स्वागत 21 तोपों की सलामी के साथ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री एचआरएच प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ देश की अपनी यात्रा के दौरान भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की दूसरी नेताओं की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे।

### ईडी मुझे बुलाएगी तो मैं भी जानें को तैयार : प्रियंका



नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने नेशनल हेराल्ड और पति रॉबर्ट वाड्रा को मिले ईडी के समन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मेरे पति रॉबर्ट वाड्रा ईडी के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। अगर बुलाया गया तो मैं जाने के लिए तैयार हूं। इस दौरान प्रियंका ने कहा कि वह ईडी से आमंत्रण का इंतजार कर रही हैं और आश्चर्य जताया कि उन्हें अभी तक क्यों नहीं बुलाया गया।

### पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की सुरक्षा घटाई




नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस को पूर्व मुख्यमंत्री और आप की नेता आतिशी को प्रदान की गई सुरक्षा को 'जेड' श्रेणी से घटाकर 'वाई' श्रेणी करने का निर्देश दिया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पहले आतिशी को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, जिसमें 22 सुरक्षाकर्मी होते थे, जिनमें चार से छह कमांडो और पुलिसकर्मी शामिल होते थे।

### सिविल सेवा परीक्षा में शक्ति दुबे रही टॉप



नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा 2024 के फाइनल परीणाम में इस बार भी देश की बेटियों ने बाजी मारी है। टॉप पांच में तीन लड़कियों ने अपनी जगह पक्की की है। इस बार भी पिछले सालों की तरह ही बेटियों की मेहनत, संघर्ष और दृढ़ निश्चय की जो मिसाल देखने को मिली है। यूपीएससी 2024 की ऑल इंडिया टॉपर बनीं शक्ति दुबे प्रयागराज की रहने वाली हैं। साइंस बैकग्राउंड से आने वाली शक्ति ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से बायोकेमिस्ट्री में बीएससी की और फिर बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा किया।

### पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार 26 अप्रैल को



वेटिकन सिटी। दुनिया भर के कैथोलिक ईसाइयों के धर्म गुरु पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार 26 अप्रैल को किया जाएगा। 'होली सी' ने मंगलवार को आधिकारिक घोषणा की। 'होली सी' कैथोलिक चर्च की केंद्रीय शासी निकाय है।

# पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला

## बैसरन में पर्यटकों के समूह पर अंधाधुंध गोलीबारी में 28 लोगों की मौत की आशंका

- आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली हमले की जिम्मेदारी
- मरने वालों में दो विदेशी, नाम पूछकर की गईं हत्याएं
- सुरक्षा के नहीं थे इंतजाम सेना की वर्दी में आए आतंकी



**जम्मू,** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन में पर्यटकों पर हुए घातक आतंकी हमले में 28 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार सुबह हुए इस हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है, जिसके बाद अधिकारियों ने स्थिति को संभालने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं। कुछ दिन पहले जम्मू के बार्डर से इस ओर घुस कर वाया किश्तवाड़ होते हुए कश्मीर में पहुंचे आतंकियों के एक दल ने मंगलवार को जो कहर बरपाया नतीजतन 28 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो विदेशी नागरिक थे तो बाकी देश के विभिन्न कोनों से आने वाले पयर्टक। आतंकियों ने इन लोगों के नाम पूछ कर और धर्म की पहचान कर उन्हें मौत के घाट उतारा है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार दोपहर बाद को पहलगाम के बैसरन मैदान में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने पर्यटकों के एक समूह पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें दो विदेशी नागरिक-एक इटली का और दूसरा इजरायल या नेपाल का सहित कम से कम 28 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। दोपहर के इस हमले में घुड़सवारी और वसंत के नजारों का आनंद ले रहे परिवारों, महिलाओं और बुज़ुर्गों सहित पर्यटकों के एक मिश्रित समूह को निशाना बनाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने अधिकारियों को बताया कि सैन्य वर्दी पहने हुए लोग इलाके में घुसे और बिना किसी चेतावनी के गोलीबारी शुरू कर दी। मृतकों में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल और उनकी पत्नी हिमांशी, गुजरात के शालिंदर कल्पिया और कर्नाटक के शिवमोगा जिले के व्यवसायी मंजूनाथ राव शामिल हैं। पर्यटक महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक सहित विभिन्न भारतीय राज्यों से आए थे। मृतकों में दो स्थानीय नागरिक भी शामिल हैं। मृतकों में एक महिला और 27 पुरुष हैं। सूत्रों ने बताया कि इस हमले में एक उच्च पदस्थ अधिकारी के भी मारे जाने की आशंका है। एक महिला ने सुरक्षाकर्मियों को बताया कि हमलावरों ने गोली चलाने से पहले नाम पूछे, जिससे पता चलता है कि उन्हें निशाना बनाया गया था। घटनास्थल से मिले वीडियो में अराजकता की स्थिति को कैद किया गया है, जिसमें शव बेसुध पड़े हैं और हताश परिवार के सदस्य चीख-पुकार और गोलियों के बीच प्रियजनों की तलाश कर रहे हैं। हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली है। अगस्त 2019 के बाद बनाया गया द रेजिस्टेंस फ्रंट को सुरक्षा एजेंसियों द्वारा व्यापक रूप से लश्कर-ए-तैयबा का एक नया रूप माना जाता है, जिसे कश्मीर आतंकवाद को एक स्वदेशी प्रतिरोध आंदोलन के रूप में चित्रित करने के लिए डिजाइन किया गया है। टीआरएफ के संदेश अक्सर एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं और इसका उद्देश्य पाकिस्तान समर्थित आतंकी अभियानों के खिलाफ वैश्विक जांच और एफएटीएफ प्रतिबंधों से बचना है। घटना को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब से गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमले की निंदा करते हुए इसे निर्दोष नागरिकों पर कायरतापूर्ण हमला बताया।



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकवादी हमला चौंकाने वाला और दर्दनाक है। यह एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है जिसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। निर्दोष नागरिकों, इस मामले में पर्यटकों पर हमला करना बेहद भयावह और अक्षम्य है : **द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**



इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है तथा यह और भी मजबूत होगा। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं : **नरेन्द्र मोदी**



मैं अविश्वसनीय रूप से स्तब्ध हूं। हमारे आगंतुकों पर यह हमला एक घृणित कार्य है। इस हमले के अपराधी जानवर, अमानवीय और घृणा के पात्र हैं। निंदा के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है यह हमला हाल के वर्षों में किसी भी हमले से कहीं बड़ा है : **उमर अब्दुल्ला**



# वक्फ कानून के खिलाफ दिल्ली में मुस्लिम संगठनों ने दिखाई ताकत

## एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी भी प्रदर्शन में हुए शामिल



- ओवैसी ने प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना
- मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के पदाधिकारी भी पहुंचे

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। नए वक्फ कानून को लेकर रस्साकशी अब भी जारी है। इस कानून के खिलाफ मंगलवार को मुस्लिम संगठनों ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में वक्फ बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया। इस आयोजन में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से लेकर इंडियन नेशनल लीग के मोहम्मद सुलेमान तक कई मुस्लिम नेताओं ने भाग लिया। सम्मेलन में ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सऊदी अरब यात्रा पर निशाना साधा। ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री को क्राउन प्रिंस से पूछना चाहिए कि क्या 'मदीना' वक्फ की जमीन पर बना है। उन्होंने आगे कहा कि पीएम सऊदी के दौरे पर हैं, वहां वे क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मिलेंगे और गर्मजोशी से 'या-हबीबी, या-हबीबी' जैसे अभिवादन का आदान-प्रदान करेंगे।

### संविधान के हिसाब से चलाएं देश : रहमानी

स्टेडियम में जुटे लोगों को संबोधित करते हुए इंडियन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि देश को संविधान के हिसाब से चलाना चाहिए। किसी पार्टी के घोषणापत्र के हिसाब से देश नहीं चलेगा।

# संसद ही सुप्रीम, इससे ऊपर कोई नहीं : धनखड़

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट बनाम संसद के बीच शक्तियों को लेकर बयानबाजी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है तो संसद को बंद कर देना चाहिए। अब इस मुद्दे को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर टिप्पणी की है। उपराष्ट्रपति ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में कहा कि संसद सर्वोच्च है और चुने हुए प्रतिनिधि ही 'असली मालिक' हैं। संवैधानिक पद पर बैठे हर व्यक्ति का प्रत्येक शब्द देश के हित में होता है। उपराष्ट्रपति ने दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संसद सबसे ऊपर है। संविधान की प्रस्तावना में ही इसका सार है। संविधान कहता है हम, भारत के लोग। इसका मतलब है कि सबसे बड़ी शक्ति लोगों के पास है। कोई भी भारत के लोगों से ऊपर नहीं है।

### लोग प्रतिनिधियों को ही ठहराते हैं जवाबदेह

जगदीप धनखड़ ने आगे कहा कि भारत के लोगों ने संविधान के तहत अपने प्रतिनिधियों को चुना है। यह प्रतिनिधि ही लोगों की इच्छा और आकांक्षाओं को व्यक्त करते हैं। लोग चुनावों के दौरान इन प्रतिनिधियों को जवाबदेह ठहराते हैं। चुने हुए प्रतिनिधि ही संविधान के असली मालिक हैं। वे ही तय करते हैं कि संविधान में क्या लिखा जाएगा।

धनखड़ ने जोर देकर कहा कि संविधान में संसद से ऊपर कोई नहीं है। संसद उतनी ही सर्वोच्च है, जितना कि देश का हर व्यक्ति। हम, भारत के लोग में हर व्यक्ति लोकतंत्र का एक परमाणु है। इस परमाणु में शक्ति है। यह शक्ति चुनावों में दिखती है। इसलिए हम एक लोकतांत्रिक देश हैं। विपक्ष ने उपराष्ट्रपति के इस बयान की आलोचना करते हुए उन्हें एक बार फिर संविधान सभा की बहसों को देखने की सलाह दी है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और राज्यसभा सांसद ने कहा कि उपराष्ट्रपति एक सम्मानित संवैधानिक पद पर हैं। संविधान में न्यायपालिका और विधायिका के बीच संतुलन की बात की गई है। संविधान ही हमारा सबसे बड़ा मार्गदर्शक है।



- निशिकांत दुबे विवाद के बीच उपराष्ट्रपति का बड़ा बयान
- विपक्ष ने की उपराष्ट्रपति की आलोचना

### कपिल सिब्बल ने जताई असहमति



राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने भी धनखड़ से असहमति जताई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो कुछ भी कहा है, वह देश के संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप है। यह राष्ट्रीय हित में है। सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संसद के पास कानून बनाने की पूरी शक्ति है। सुप्रीम कोर्ट का कर्तव्य है कि वह संविधान की व्याख्या करे और पूरी तरह से न्याय करे।

# महाराष्ट्र में अब हिंदी नहीं होगी अनिवार्य भाषा



- राज्य सरकार ने 6 दिन बाद बदला फैसला
- विद्यार्थी खुद चुन सकेंगे तीसरी भाषा

**मुंबई,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में स्कूली पढ़ाई के लिए अब हिंदी अनिवार्य भाषा नहीं होगी। राज्य सरकार ने हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाने का निर्णय वापस ले लिया है। शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने कहा कि मराठी अनिवार्य होगी, अंग्रेजी दूसरी भाषा और तीसरी भाषा ऑप्शनल यानी वैकल्पिक होगी। इससे पहले रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा था कि स्टूडेंट्स तीसरी भाषा अपने मन से चुन सकेंगे। हिंदी अनिवार्य नहीं होगी। बता दें फैसला वापस लेने से 6 दिन पहले यानी बुधवार को ही महाराष्ट्र में 1 से 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी अनिवार्य की गई थी। यह फैसला राज्य के सभी मराठी और अंग्रेजी मीडियम स्कूलों पर लागू किया गया था। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के नए करिकुलम को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र में इन क्लासेज के लिए तीन भाषा की पॉलिसी लागू की गई थी। राज्य के स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंट ने बुधवार को ये घोषणा की थी। करिकुलम के नए फ्रेमवर्क के अनुसार, महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड की टेक्स्ट बुक्स एनसीईआरटी के करिकुलम पर आधारित होंगी। हालांकि, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस की बुक्स में महाराष्ट्र का लोकल कॉन्टैक्स्ट जोड़ा जाएगा।

### महाराष्ट्र में 5+3+3+4 मॉडल लागू करने का प्लान

वहीं, महाराष्ट्र में एनईपी का रिकमेंड किया गया 5+3+3+4 मॉडल फेज-वाइज पहले की गई घोषणा के मुताबिक ही लागू किया जाएगा। इस नए स्ट्रक्चर के पहले फेज को नए एकेडमिक ईयर यानी 2025-26 से पहली क्लास के लिए लागू किया जाएगा। थ्री लैंग्वेज पॉलिसी भी फेज-वाइज ही लागू की जाएगी। आने वाले एकेडमिक ईयर से राज्य के पहली क्लास के स्टूडेंट्स तीन भाषाएं पढ़ेंगे।

# गुजरात के अमरेली में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त

**अहमदाबाद,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात के अमरेली में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में कुल दो लोग मौजूद थे। विमान उड़ा रहे पायलट की दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एक निजी विमानन अकादमी का प्रशिक्षण विमान मंगलवार दोपहर गुजरात के अमरेली जिले के एक रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। हादसे में एक प्रशिक्षु पायलट की मौत हो गई। बताया गया कि विमान एक पेड़ से टकराकर जमीन पर जा गिरा।



- हादसे में एक प्रशिक्षु पायलट की मौत
- पेड़ से टकराकर जमीन पर जा गिरा विमान

### विमान ने अमरेली हवाई अड्डे से भरी थी उड़ान

अमरेली के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पायलट अकेले उड़ान भर रहा था। विमान ने अमरेली हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। खराट ने बताया कि शास्त्री नगर इलाके के पास दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विमान में आग लग गई और वह लपटों में घिर गया।

बाबा रामदेव को हाईकोर्ट से फिर फटकार, कहा

# अपने विचार अपने तक रखें

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट ने पतंजलि के संस्थापक बाबा रामदेव को फार्मास्युटिकल और खाद्य कंपनी हमदर्द और उसके लोकप्रिय पेय रूह अफजा को निशाना बनाने के लिए सांप्रदायिक अपशब्दों का इस्तेमाल करने के लिए फटकार लगाई।

हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया ने पतंजलि फूड्स लिमिटेड के खिलाफ रामदेव के बयान को लेकर याचिका दाखिल की थी। इस मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि यह बयान अंतरआत्मा को झकझोरने वाला है। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि यह बयान माफी के लायक नहीं है।




- रुह अफजा पर रामदेव के बयान से जुड़ा मामला

**मौसम** *देश में भीषण गर्मी को लेकर मौसम विभाग की चेतावनी*

# दस राज्यों में अगले पांच दिनों तक तेज गर्मी के साथ लू का अलर्ट

**नई दिल्ली,22 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत के ज्यादातर इलाकों को अभी भीषण गर्मी और लू से राहत नहीं मिलने वाली है। पंजाब और हरियाणा से लेकर बंगाल और ओडिशा तक अगले चार से पांच दिन भीषण गर्मी के साथ ही तेज लू चलने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमोत्तर से पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर आंधी-तूफान और भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है।**

कुछ जगहों पर तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक की भी वृद्धि दर्ज की जा सकती है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 25, 26 अप्रैल तक मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़ और पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों में लू चलेगी। 22-25 अप्रैल के दौरान हरियाणा और ओडिशा में और 22-26 के दौरान पंजाब में तीव्र गर्म हवाएं चलने की संभावना है। 23 से 26 अप्रैल के दौरान पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाके और पश्चिमी राजस्थान में लू चल सकती है। वहीं, 25 और 26 अप्रैल को बिहार और झारखंड में गर्मी का तीव्र प्रकोप देखा जा सकता है। आईएमडी के मुताबिक, 25 अप्रैल तक तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में मौसम गर्म और आर्द्र रह सकता है। 24 अप्रैल तक मराठवाड़ा, बिहार, झारखंड में भी प्रचंड गर्मी पड़ेगी और उमस बनी रहेगी। 22 और 23 अप्रैल को कोंकण और गोवा में भी गर्म और आर्द्र मौसम रहने की संभावना है।



### पश्चिम से पूर्वोत्तर तक तूफान-बारिश के साथ गिरेंगे ओले

### इन राज्यों में चढ़ेगा पारा

अगले छह दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना है। अगले 3 दिनों के दौरान मध्य भारत और गुजरात में अधिकतम तापमान में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। वहीं, मध्य भारत अगले 24 घंटे के बाद 6 दिनों के दौरान पारा 2-3 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ सकता है। पूर्वी भारत में भी अधिकतम तापमान 4-6 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है।

## शरबत जिहाद को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने बाबा रामदेव को लगाई फटकार

# 'माफी लायक नहीं बाबा रामदेव की टिप्पणी'

पल पल राजस्थान

**नई दिल्ली।** हमदर्द के रूह अफजा के खिलाफबाबा रामदेव की शरबत जिहाद टिप्पणी पर दिल्ली हाई कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि टिप्पणी ने अदालत की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और यह अक्षम्य है। कोर्ट ने रामदेव के खिलाफहमदर्द के मुकदमे की सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की है। हाल ही में रामदेव ने पतंजलि के गुलाब के शरबत का प्रचार करते हुए दावा किया था कि हमदर्द के रूह अफ्जा से अर्जित धन का उपयोग मदरसे और मस्जिद




बनाने में किया जाता है। बाद में रामदेव ने अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने किसी ब्रांड या समुदाय का नाम नहीं लिया। बता दें कि हमदर्द ने रामदेव के वीडियो को सोशल मीडिया से हटाने की मांग करते हुए रामदेव के खिलाफमुकदमा दायर किया है। हमदर्द की तरफसे पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि यह एक चौंकाने वाले के साथ ही सांप्रदायिक विभाजन का मामला भी है। उन्होंने कहा कि रामदेव की टिप्पणी नफ्रत फैलाने वाले भाषण के समान है।

### सभी पोस्ट हटाकर रामदेव भविष्य ऐसा नहीं करने के संबंध में दाखिल करें हलफनामा : हाईकोर्ट

मामले में दोबारा शुरू हुई सुनवाई के दौरान पतंजलि की तरफसे पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नैय्यर ने कहा कि इस संबंध में एम्स पर पोस्ट किए गए वीडियो और पोस्ट को हटा लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पतंजलि किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। न्यायमूर्ति अमित बंसल की पीठ ने राजीव नैय्यर के बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए कहा कि पतंजलि ने बयान में कहा कि भविष्य में इस तरह का पोस्ट नहीं करेंगें। कोर्ट ने कहा इस संबंध में रामदेव हलफ्नामा दाखिल करें कि इस तरह का बयान या विज्ञापन वह भविष्य में नहीं देंगें। कोर्ट ने पांच दिन में हलफ्नामा दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले में अगली सुनवाई एक मई को होगी।

## पृथ्वी और पर्यावरण का स्वास्थ्य मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैः डॉ.गौड़

पल पल राजस्थान

**भीलवाडा।** नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को पृथ्वी की संरचना, इसके महत्व और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने पृथ्वी के विभिन्न मंडलों जैसे स्थलमंडल, जलमंडल, वायुमंडल और जीवमंडल की परस्पर निर्भरता को समझाया। उन्होंने पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों के महत्व पर प्रकाश डाला और यह भी बताया कि किस प्रकार मानवीय गतिविधियाँ इन संसाधनों को प्रभावित कर रही हैं। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता के नुकसान जैसे गंभीर पर्यावरणीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई और विद्यार्थियों को इनके समाधान में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस





अवसर पर, प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए पेंटिंग के माध्यम से पृथ्वी के सौंदर्य और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को व्यक्त किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगीन चित्रों में हरी-भरी पृथ्वी, स्वच्छ नदियाँ, वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया। इन कलाकृतियों के माध्यम से उन्होंने पृथ्वी के प्रति अपनी संवेदनशीलता और चिंता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। महात्मा गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़ ने पृथ्वी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी और पर्यावरण का स्वास्थ्य मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र द्वारा इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की सराहना की और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों के रूप में, उन्हें लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के साथ-साथ स्वस्थ पर्यावरण के महत्व के बारे में भी जागरूक करना चाहिए।


## प्रदेश में 3 लाख 21 हजार लीटर से अधिक वॉश नष्ट, 893 केस दर्ज

**उदयपुर।** आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने हेतु जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए मार्च माह में 3 लाख 21 हजार 572 लीटर वॉश नष्ट करने के साथ 893 केस दर्ज किए गए। आबकारी आयुक्त के अनुसार प्रदेश में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में मार्च माह में 3 लाख 21 हजार 572 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में भारत निर्मित विदेशी मदिरा की 22462, देशी मदिरा की 3908, अवैध मदिरा की 5361, बीयर की 3693 बोतल सहित 700 लीटर स्प्रिट सीज किया गया। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत मार्च माह में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्तता पर राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत 893 केस दर्ज करते हुए 685 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध मदिरा परिवहन के तहत 23 दुपहिया वाहन, 11 हल्के चार पहिया वाहन एवं एक भारी चार पहिया वाहन सहित 35 वाहनों को सीज किया गया है।

## पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य पर वृक्षम अमृतम को मिलेगा कर्म रत्न अलंकरण

**राजसमन्द।** पर्यावरण संरक्षण व संवर्द्धन के लिए सजगता व संवेदनशीलता के साथ कार्यरत वृक्षम अमृतम सेवा संस्थान को आगामी 10 मई को क्रांति दिवस पर जयपुर में कर्म रत्न अलंकरण से नवाजा जाएगा। वृक्षम अमृतम को यह पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो नेपाल समरसता आर्गेनाईजेशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण.व संवर्द्धन के क्षेत्र में सराहनीय व समाज के लिए प्रेरणादायी कार्य करने पर देने का निर्णय किया गया है। प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम





महोत्सव क्रांति दिवस पर 10 मई को उक्त संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में मंच के 45वें अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस महोत्सव का समापन समारोह जयपुर में आयोजित होगा। समारोह में सर्वधर्म समभावए सांस्कृतिक समन्वय एवं विश्व बंधुत्व की भावना से मानव हितार्थ सराहनीय कार्य करने पर वृक्षम अमृतम सेवा संस्थान के संरक्षक मनोहर लाल व्यास कांकरोली एवं अध्यक्ष गोपेश शर्मा उदयपुर को नागरिक अभिनंदन समारोह में कर्म रत्न अलंकरण से विभूषित किया जाएगा। समारोह में 192 देशों के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। उल्लेखनीय है कि वृक्षम अमृतम संस्थान विगत वर्षो से पर्यावरण संरक्षण व संवद्धन के लिए अभियान के रूप में कार्य कर रहा है तथा राजसमन्द व उदयपुर जिलों में अब तक सार्वजनिक व अन्य जन उपयोगी स्थलों, परिसरों, शिक्षण संस्थाओं आदि में लाखों पौधे रोपे जा चुके है जिनमें हजारों पेड बन चुके है। विशेष यह है कि पौधरोपण से पूर्व पौधों की सार.सम्भाल व संरक्षण सुनिश्चित की जाती है एवं इसके बाद ही पौधरोपण किया जाता है। संस्थान संरक्षक एवं स्थानीय गुर्जरगौड ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष मनोहर लाल व्यास ने बताया कि पौधों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम कराए जाते है तथा पेड बनने तक उनकी देखरेख के लिए सम्बन्धित लोगोंए संस्था-संगठनों को संकल्पबद्ध किया जाता है तथा यही वजह है कि लक्ष्य प्राप्ति हो रही है। भीलवाडा, सलूम्बर, जयपुर आदि जिलों में भी संस्था सदस्यों के जरिए पौधरोपण चल रहा है।

## जीव दया कार्यक्रम का आयोजन

पल पल राजस्थान

**उदयपुर।** गुरुदेव सौभाग्य मुनि महाराज साहब के 75वें दीक्षा वर्ष अमृत महोत्सव गुरुदेव कोमल मुनि महाराज करुणाकर के दीक्षा जयंती के शुभ अवसर पर अशोक नगर स्थित गौशाला में अंबेश मेवाड़ युवक परिषद द्वारा गायों को गुड और हरी घास एवं पक्षियों के परिण्डे वितरण का का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें अध्यक्ष दीपक पामेचा ने बताया महामंत्री सुनील बागरेचा, कोषाध्यक्ष प्रतीक बोकाडिया सहित गणमान्य व्यक्ति जैन कॉन्फ्रेंस युवा अध्यक्ष निर्मल सिंघवी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हेमेंद्र सिरोया, जैन कॉन्फ्रेंस जीव दया अध्यक्ष रमेश खोखावत वर्धमान स्थानक युवक परिषद अध्यक्ष निर्मल गोखरू और महामंत्री महावीर मेहता, नरेंद्र डांगी, मुकेश तातेड़, अनिल सियाल, शौकीन चंडालिया, हिम्मत कोठीफोडा, प्रवीण नवलखा, दिलीप कोठारी, आशीष जैन, ललित सामर, मनीष पोखरणा आदि सभी ने जीव दया का लाभ लिया एवं 5100 की राशि सभी की ओर से गौशाला को प्रदान की गई।

### सीएमएचओ ने हीटवेव के उपचार की व्यवस्था देखी

## हॉस्पिटल में जरूरी दवाइयों का स्टॉक रखने के दिए निर्देश

**राजसमंद।** राजसमंद में सीएमएचओ हेमंत बिंदल ने बढ़ते तापमान व हीटवेव से बीमार लोगों के इलाज की व्यवस्थाओं के लिए हॉस्पिटल का दौरा किया। सीएमएचओ ने खमनोर ब्लॉक में सीएचसी झालो की मदार, पीएचसी मचीन्द, बडा भाणुजा एवं कोशीवाडा का औचक निरीक्षण किया किया। इस दौरान बिंदल ने वहां लू तापघात से ग्रस्त होकर आने वाले मरीजों के लिए आवश्यक प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने वहां संभावित लू.तापघात से ग्रस्त मरीजों के लिये आवश्यक दवाइयां, ओआरएस, आईवी फ्लूइड, आइस पैक सहित आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक 3 दिन में अपने स्तर संस्थान पर संचालित दवा वितरण केन्द्र एवं स्टोर में हीट स्ट्रोक, हीट एग्जॉशन और लू से निपटने के लिए आवश्यक दवाइयों की समीक्षा करें व आवश्यक होने पर तुरंत जिला औषधी भण्डार से संपर्क कर दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखे। उन्होंने मौके पर ही पंखे, कूलर की क्रियाशीलता को जांचा तथा पंखों एवं कूलर की नियमित सफ्ाई के लिये निर्देशित किया। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में ओआरएस कॉर्नर की स्थापना करने के लिये निर्देशित किया तथा संस्थानों में मरीजों एवं उनके परिजनों के लिये शुद्ध शीतल जल की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने संभावित हीट स्ट्रोक मरीजों के लिये आरक्षित बेड्स एवं वार्ड्स का निरीक्षण किया व वहां व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सा संस्थान के प्रभारियों को स्वयं अथवा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से नजदीकी स्कूलों में लू.तापघात से बचाव के उपायों की जानकारी देने के लिये भी निर्देशित किया।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल वसुधा शाखा ने विश्व पृथ्वी दिवस दिया जागरूकता का संदेश

भीलवाडा। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल वसुधा शाखा ने विश्व पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी बचाओ पर रंगोली बनाकर के जागरूकता का संदेश दिया। पर्यावरण शिक्षाविद डॉक्टर निर्मला तापड़िया ने बताया कि आज हमारी पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग क्लोरोफ्लोरोकार्बन एसिड रेन से प्रदूषित हो रही है। इस अवसर पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर हम पृथ्वी को बचा सकते हैं और अपने वातावरण को हरा भरा बनाए रख सकते हैं। वायु प्रदूषण जल प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण मृदा प्रदूषण रेडियोएक्टिव प्रदूषण पृथ्वी को प्रदूषित कर रहे हैं।

मारवाड़ी महिला मंडल के अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता जागेटिया ने पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत पक्षी मित्र के अंतर्गत परिंदे पेड़ों के टहनियों पर बांधकर जागरूकता का संदेश दिया। और पृथ्वी बचाव का संकल्प लिया।

### नाथद्वारा तहसील का ग्रामीणों ने किया घेराव

## भूख हड़ताल की दी चेतावनी, धींधागढ को ग्राम पंचायत शिशोदा में ही रखने की मांग

**राजसमंद।** राजसमंद में नाथद्वारा तहसील के राजस्व गांव धींधागढ़ के ग्रामीणों ने मंगलवार को नाथद्वारा तहसील कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने धींधागढ को ग्राम पंचायत शिशोदा में ही रखने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर नारेबाजी कर नायब तहसीलदार अशोक चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपा। खमनोर पंचायत समिति के राजस्व गांव धींधागढ के ग्रामीण नाथद्वारा तहसील कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने पंचायतों का पुर्नगठन के तहत उनके राजस्व गांव को ग्राम पंचायत भैसाकमेड़ में जोड़े जाने का विरोध किया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत शिशोदा की दूरी उनके गांव से मात्र 2 किलोमीटर ही है व पुनर्गठित ग्राम पंचायत भैसाकमेड करीब 6-7 किलोमीटर दूर है। ग्राम धींधागढ़ पंचायती राज लागू होने के समय से ही शिशोदा का हिस्सा रहा है। अगर भैसाकमेड़ में जोडा जाता है तो सभी ग्रामवासी धरना प्रदर्शन व भूख हडताल करेंगे। ग्रामीणों ने मांग की कि नवीन पुनर्गठन के तहत राजस्व गांव को किसी अन्य ग्राम पंचायत में नहीं जोडा जावे व यथावत ग्राम पंचायत शिशोदा के क्षेत्राधिकार में रखा जावे। इस दौरान भवंरसिंह, विजय सिंह, सुमेरसिंह, भेरूसिंह, मेघसिंह, लहर सिंह, गोपाल चौहान, जय सिंह, मान सिंह, रामसिंह, किशन सिंह, देवी सिंह, लालसिंह, केसर सिंह, रोड सिंह सहित बडी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## भाविप सुभाष शाखा द्वारा पृथ्वी दिवस पर हुआ प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित


**भीलवाडा।** भारत विकास परिषद सुभाष शाखा, ने पृथ्वी दिवस पर मंगलवार को विनायक उद्यान में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया। प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी की उपस्थिति में सदस्यों ने सर्वप्रथम आरसी व्यास कॉलोनी स्थित विनायक उद्यान में सामूहिक रूप से झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए, परिषद ने उद्यान में 21 विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। वृक्षारोपण कार्यक्रम राधेश्याम सोमानी,



महावीर सोनी, राजेश चेचाणी, दिनेश शारदा, मुकेश लाठी एवं बलराज आचार्य के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ। भीषण गर्मी में बेजुबान गौमाता को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। अतिथियों ने इस अवसर पर 25 पानी की टंकियों का वितरण किया। यह भी निर्णय लिया गया कि इन टंकियों को शहर के जरूरतमंद चौराहों पर स्थापित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक पशुधन लाभान्वित हो सके। इस कार्यक्रम में पर्यावरण प्रभारी राजेश सोमानी, दिनेश बिरला, अमित काबरा, रामपाल असावा, ओम प्रकाश भूतड़ा, अशोक सोमानी, सुरेश रावत, दिलीप रांका, सत्यनारायण उपाध्याय, अध्यक्ष पंकज लोहिया, सचिव कैलाश शर्मा कोषाध्यक्ष सुरेश रावत एवं मातृशक्ति गुणमाला अग्रवाल, मधु लढा, उषा सोमानी, मधु सोमानी, आशा दरगड़, यशोदा शर्मा सहित अनेक शाखा सदस्य उपस्थित रहे।

## महर्षि पाराशर जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए बैठक आयोजित

**भीलवाडा।** अखिल भारतीय पाराशर समाज उत्थान सेवा संस्थान भीलवाड़ा के अध्यक्ष सुरेश पाराशर (मनसा) के नेतृत्व मे महर्षि पाराशर जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने हेतु मीटिंग सुभाष नगर छोटी पुलिया पाराशर भवन पर आयोजित की गई। इस दौरान जन्मोत्सव कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया। अध्यक्ष सुरेश पाराशर ने बताया की संयोजक भवानी शंकर पाराशर ने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन कर कमेटी को अपने दायित्व प्रदान किए। मीडिया प्रभारी आशीष पाराशर ने बताया की 27 अप्रैल को रात्रि में भजन संध्या व 28 अप्रैल को प्रात हवन पूजन, वाहन रैली छप्पन भोग एवं



महर्षि पाराशर की महाआरती और उसके पश्चात सामूहिक स्नेहभोज का कार्यक्रम रखा गया है। समाज बंधुओ को कार्यक्रम में अधिक से अधिक भाग लेने एवं सफ्ल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाज के कृष्ण गोपाल राजेंद्र, सत्यनारायण, नानालाल, संजय, महावीर, रामबाबू, दीपक, रमेश चंद्र, महावीर, मुरलीधर, नरेंद्र, आशीष, राहुल, जितेंद्र, दिलीप सहित कई वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने भाग लिया।

## जिला साहित्यकार परिषद की काव्य गोष्ठी संपन्न

**भीलवाडा।** जिला साहित्यकार परिषद् भीलवाड़ा की मासिक काव्य गोष्ठी सिन्धु नगर स्थित हेमू कालानी भवन में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता दयाराम मेठानी ने और संचालन नवनियुक्त महासचिव महेंद्र शर्मा ने किया। बैठक का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ। सबसे पहले जनकवि रतन कुमार 'चटुल' ने 'राम के देश' पर कविता प्रस्तुत की। बंशीलाल 'पारस' ने 'मेरी मनचाही जो हो न सकी', दिनेश दीवाना ने 'आँचल हो या सूखे पत्ते मिले छाँव तो छाँव है', शिखा बाहेती ने 'सागर से मानवीय संवेदना' को जोड़ते हुए पर्यावरण की बात कही, दिव्या ओबेरॉय ने 'कानून, अपराध और सजा' पर अपनी कटाक्षपूर्ण रचना प्रस्तुत की। रविंद्रकुमार जैन ने 'नारी मन की अंतर्वेदना', ओम 'उज्जवल' ने 'गर्मी के मौसम




में परिंडे', रामविलास नागर ने 'संगम' का सजीव चित्रण किया, नरेंद्र वर्मा ने 'पंचतत्व से बने शरीर के सदुपयोग', गायत्री सरगम ने 'जिंदगी से यही गिला है मुझे, तूं बड़ी देर से मिला है मुझे' गजल प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। इनके अतिरिक्त प्रेम सोनी ने 'वीर -कुम्भा' के शौर्य पर, बृज सुंदर सोनी ने जिन्दगी पर, गोपाल शर्मा ने 'जीवन की आकांक्षाओं', अजीज जख्मी ने 'जिंदा रहा जो शख्स जहर पी कर, आज एक दवाई से मर गया' तथा महेंद्र शर्मा ने 'सुख में तनिक संवर लेता हूँ, दुःख में आहें भर लेता हूं' प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। अंत में पूर्व महासचिव स्वर्गीय राधेश्याम शर्मा तथा दयाराम मेठानी के पौत्र स्वर्गीय मुकुल मेठानी के असामयिक निधन पर सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर दोनों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कलक्टर ने देवगढ़ में ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**राजसमंद।** जिला कलक्टर श्री बालमुकुंद असावा ने मंगलवार शाम को देवगढ़ में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओंए कार्य मों तथा विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। कलक्टर श्री असावा ने विशेष रूप से आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था पर फोकस किया। उन्होंने प्रत्येक गांव और कॉलोनी में पानी की नियमित एवं सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी क्षेत्र में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए और इसके लिए आवश्यक पूर्व तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने पेयजल संकट की स्थिति में त्वरित समाधान हेतु टैंकरों की व्यवस्था, खराब हैंडपंपों की मरम्मत तथा वैकल्पिक जल स्रोतों को लेकर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई। इसी तरह निर्बाध विद्युत सप्लाई, सड़कों की स्थिति आदि को लेकर भी समीक्षा की। असावा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में नियमित विजिट करें और योजनाओं के प्रभावी ि यान्वयन में कोई कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान की प्राथमिकता देने को भी कहा। कलक्टर बालमुकुंद असावा ने बैठक के दौरान स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि किसी भी गांव या ढाणी में आमजन को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे क्षेत्रवार जलापूर्ति की स्थिति की मॉनिटरिंग करें और समय रहते आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए।

## मोटा अनाज आउटलेट का शुभारंभ

उदयपुर। अंतरार्ष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 एवं सहकार से समृद्धि के तहत उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भंडार लिमिटेड उदयपुर के तत्वाधान में अतिरिक्त रजिस्ट्रार सहकारी समितियां खंड उदयपुर श्रीमती गुंजन चौबे ने मोटा अनाज मिलेट्स फूड्स के आउटलेट का उद्घाटन किया। साथ ही शास्त्री नगर स्थित सहकारी भंडार के प्रधान कार्यालय के मुख्य मार्ग पर सहकार शीतल जल प्याऊ का भी शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय अंकेक्षण अधिकारी आशुतोष भट्ट, केंद्रीय सहकारी बैंक उदयपुर के प्रबंध निदेशक अनिमेष पुरोहित, उप रजिस्टार सहकारी समितियां लोकेश जोशी, ए.आर. लीव रिजर्व श्रीमती अलका भारद्वाज, भंडार महाप्रबंधक डॉ. प्रमोद कुमार एवं विभाग के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## इलेक्ट्रीक व्हील चेयर के लिए आवेदन आमंत्रित

उदयपुर। सरकार की बजट घोषणा की अनुपालना में मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रोफी) से पीड़ितों को चलने की क्षमता प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए इलेक्ट्रीक व्हील चेयर प्रदान की जाएगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेषक गिरीष भटनागर ने बताया कि इच्छुक पात्र व्यक्ति मांसपेशीय दुर्विकास से ग्रसित विशिष्ट विकलांगता प्रमाण पत्रए मूल निवास प्रमाण पत्र, जन आधार कार्ड एवं फोटो के द्वारा जिला कार्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उदयपुर में आगामी 5 दिवस में ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। पात्र आवेदकों का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा।

## करणी सेना ने दी झारखंड प्रदेशाध्यक्ष को श्रद्धांजलि

उदयपुर। क्षत्रिय करणी सेना उदयपुर संभाग संरक्षक कुंवर विजय सिंह कच्छवाहा, जिला प्रभारी त्रिभुवन सिंह चावड़ाए जिला अध्यक्ष रामनाथ सिंह चौहान, दिलीप सिंह पंवार ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित करके सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह की हत्या पर तीव्र आक्रोश व्यक्त करके अति शीघ्र हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की है चौहान ने बताया कि शीघ्र गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा मे करणी सेना सहित अनेक अन्य जन समाज धर्मसेवी संगठनों संस्थाओं के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे सभी ने एक स्वर में इस हत्याकांड की आलोचना करते हुए दिवंगत नेता को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की।

## शिल्पग्राम में 11 मई को नाटक 'मुझे अमृता चाहिए'

उदयपुर। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' के अंतर्गत इस बार रविवार 4 मई की बजाय रविवार 11 मई को 'मुझे अमृता चाहिए' नाटक का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के अंतर्गत 'मुझे अमृता चाहिए' नाटक का मंचन 11 मई को सायं 7 बजे शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में किया जाएगा। इस नाटक के लेखक योगेश त्रिपाठी एवं निर्देशक परमिंदर पाल कौर है। इस कार्यक्रम में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## भारत विकास परिषद शाखा भींडर की नवीन कार्यकरिणी की बैठक संपन्न

भींडर। भारत विकास परिषद शाखा भींडर के नवीन कार्यकरिणी की बैठक परिषद के अध्यक्ष सुशील जैन एडवोकेट के अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में मुख्य अतिथि प्रांतिय प्रकल्प प्रभारी इन्द्र लाल फान्दोत थे बैठक में भींडर नगर में पक्षियों के लिए 100 परिंडे, पशुओं के पानी पीने की अलग अलग जगह कुंडिया लगवाने एवं यात्रीयो, नगरवासियों के स्वच्छ ठंडा पानी पीने के लिए गर्मी में प्याऊ लगाने एवं नगर में गोमाता के लिए हरी घास रोजाना के लिए खिलाने का तय किया गया एवं कई सेवा कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई बैठक में संरक्षक भगवती लाल पंड्या, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद कंठालिया सचिव बाल मुकुंद मन्दावत, कोषाध्यक्ष राजमल सुरावत, पूर्व सचिव कृष्ण गोपाल मूंदड़ा, सह सचिव पुरुषोत्तम लाल चौबीसा, सह सचिव लोकेश कोठारी, चिकित्सालय प्रभारी अतुल आमेटा, गुरु वंदन सह प्रभारी उदय प्रकाश आमेटा, वृक्षारोपण प्रभारी दयाल शंकर वेनावत, सह प्रभारी राजेश्वर चौबीसा, गोवत्स आहार प्रभारी मधु सुधन भोजावत थे।

# झीलों की नगरी के गर्वित का केसरी 2 में इमोशनल सांग

## गर्वित के गाने की धूम, बोला सोचा नहीं था कि म्यूजिक ही उनकी जिंदगी बन जाएगी

पल पल राजस्थान

**उदयपुर।** झीलों की नगरी उदयपुर के 25 साल के गर्वित सोनी ने मूवी केसरी 2 में अपनी आवाज दी है। उनका गाना इस समय चर्चा में है। गर्वित के इमोशनल सांग पर दर्शकों के आंसु निकल गए। माया नगरी मुंबई में गर्वित ने अपनी सफलता की सीढ़ी चढ़ना शुरू कर दिया है। उदयपुर शहर के रामगिरी स्थित पिक पर्ल टावर में रहने वाले गर्वित सोनी इन दोनों केसरी 2 फिल्म के गानों में दी गई अपनी आवाज से देश भर में चर्चित है। गर्वित ने फिल्म के उस महत्वपूर्ण दृश्य पर अपनी आवाज दी जो पूरी फिल्म का इमोशनल दृश्य दर्शाती है। गर्वित ने दो गाने गए हैं जिसमें एक गाना केसरी टू फिल्म में है और दूसरा इसी के एलबम में टाइटल सांग के रूप में है। सुन यारा सुन यारा सुन ले मन का एक तारा परवरदिगारा





और कित्थे गया तू साईं...गानों में अपनी आवाज देकर अपने सफ़र को आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। उदयपुर से अपनी स्कूलिंग करने वाले गर्वित में बड़ौदा में म्यूजिक का कोर्स किया और फिर मुंबई में अपना बसेरा बना लिया। 3 साल के कड़े संघर्ष और मेहनत के बाद गर्वित को अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का रास्ता मिल गया है और उन्हें केसरी 2 मूवी में अपनी आवाज देने का मौका मिला। इतनी बड़ी मूवी में मौका मिलने से गर्वित भी गौरवान्वित महसूस कर रहे है। गर्वित सोनी का कहना है कि उनके पिता बचपन से यही कहते आए कि प्रोफेशन कोई भी चुनिए म्यूजिक को अपनी जिंदगी में जरूर उतरना चाहिए क्योंकि उससे जिंदगी सुकून से चलती है। गर्वित ने शुरुआती दौर में म्यूजिक को पैशन बनाया और फिर इस पैशन को ही प्रोफेशन में बदल दिया। हालांकि गर्वित के कभी सोचा नहीं था कि म्यूजिक ही उनकी जिंदगी बन जाएगी। केसरी 2 मूवी में परवरदिगार गाना फिल्म का टाइटल ट्रैक है लेकिन दूसरा गाना इस पूरी फिल्म की इमोशनल कहानी से दर्शकों को जोड़ता है। दरअसल गर्वित को आवाज देने का मौका उस सीन पर मिला जहां जलियांवाला बाग कांड के बाद लाशों का ढेर बिछा होता है और गर्वित को अपनी आवाज के जरिए उस इमोशनल सीन की कहानी को बयां करना पड़ती है। गर्वित अपनी पूरी लगन और पैशन के साथ में अपनी आवाज में गाना गाते हैं और दर्शकों को इस कदर जोड़ देते हैं कि जब फिल्म में दृश्य के साथ गर्वित की आवाज सुनाई देती है तो आंखों से आंसू निकलने लगते हैं। करीब 3 साल पहले गर्वित ने मुंबई में कदम रखा। लखनऊ के एक युवा से दोस्ती कर गर्वित प्रियांश की जोड़ी बना डाली। गर्वित-प्रियांश की जोड़ी कई सारे गाने बना चुकी है, इस जोड़ी को लगातार एक के बाद एक मौके मिलना शुरू हो गए हैं। मुंबई जैसी बड़ी नगरी में संघर्ष करते हुए कई लोग हिम्मत हार जाते हैं, लेकिन गर्वित का मानना है कि अपनी पूरी लगन और लक्ष्य के साथ यदि काम करते हैं तो मुंबई में सफलता हासिल करना बहुत मुश्किल काम नहीं है।

# तीन थानों का वांछित आरोपी आरडीएक्स को किया गिरफ्तार

**उदयपुर।** उदयपुर की गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने अवैध देशी कट्टे के साथ तीन थानों के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी उदयपुर में गोवर्धन विलास थाने के अलावा सुखेर और हिरण मगरी थाने में किडनैप, हत्या का प्रयास और पिस्टल से धमकाने के मामले में फरार था। इसके खिलाफ विभिन्न थानों में 5 मामले दर्ज है। थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला ने बताया कि रोहित उर्फ आरडीएक्स पुत्र दुर्गेश निमावत निवासी फलासिया को गिरफ्तार किया है। 21 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध देशी कट्टा बेचने की फिराक में जोगी तालाब की पाल पर घूम रहा है। सूचना पर जाब्ते के साथ तालाब से पहले कुछ दूरी पर रुके। फिर सादा वर्दी में एक जवान आरोपी के पास पहुंचा और देशी कट्टा खरीद के



संबंध में बात की। इस पर वह कट्टा बेचने को तैयार हो गया। इसके तुरंत बाद सादा वर्दी जवान ने अपनी टीम को इशारा करके बुला लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देशी कट्टा मिला। जिससे जुड़े कोई दस्तावेज उसके पास नहीं थे। सख्ती से पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट, अपहरण और हथियार दिखाकर धमकाने जैसी घटनाओं को अंजाम देता है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आगे जांच शुरू कर दी है।

थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी निमावत उर्फ आरडीएक्स अपने साथी हनी निमावत उर्फ डोनेश पुत्र मांगीलाल निवासी खटीकवाड़ा और अंश गहलोत पिता महेश निवासी नाईवाड़ा के साथ मिलकर संगठित अपराध के रूप में काम करते हैं। आरोपी रोहित का वीरेन्द्र निमावत खटीकवाड़ा से विवाद चल रहा है। आरोपी ने पूर्व में वीरेन्द्र निमावत पर तलवार और लट्ठ से वार किया था। इसी मामले में हनी निमावत उर्फ डोनेश व अंश गहलोत दोनों जेल में बंद है। इनके जेल जाने के कारण और वीरेन्द्र से दुश्मनी निकालने के लिए ये अवैध हथियार हनी निमावत और अंश गहलोत ने रोहित को दिए थे। वीरेन्द्र निमावत को मारने की नियत से ही रोहित हथियार लेकर घूम रहा था। थानों का वांछित होने के कारण वह इधर-उधर छिपकर फरारी काट रहा था। ऐसे में उसके पास पैसे की किल्लत हो गई थी। जिस कारण वह हथियार बेचने की फिराक में जोगी तालाब के पास घूम रहा था।

## डिवाइडर से टकराकर कार में लगी आग



**उदयपुर।** उदयपुर-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे पर डिवाइडर से टकराने पर कार में आग लग गई। कार के दरवाजे लॉक नहीं हुएए जिससे कार में सवार गुजरात के मेहसाणा के युवकों ने बाहर निकल कर जान बचाई। देखते ही देखते कार धू.धू कर जल गई। एक बाइक चालक घायल हो गया। उसे हाईवे एम्बुलेंस से हॉस्पिटल पहुंचाया गया। इस बीच हाईवे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। नेशनल हाईवे पर गोगुंदा स्थित बायण माता के सामने यह हादसा हुआ। जानकारी अनुसार, बायण माता मंदिर के सामने स्थित कट पर सोमवार दोपहर तेज गति से आ रही कार ने बाइक को चपेट में ले लिया। बाइक को टक्कर मारने के बाद कार डिवाइडर से टकराकर रुक गई और उसमें आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार में 3 युवक सवार थे। कार में उनका काफी सामान था। कार टकराने के बाद जैसे ही डिवाइडर से टकराई और आग लगी इसी दौरान युवक बाहर आ गए। उनके सामान को बचाने के लिए लोगों ने अपने स्तर पर कार से सामान बाहर निकाला इस बीच आग ने विकराल रूप ले लिया और कार जल गई। आग को लेकर उदयपुर फायर स्टेशन पर सूचना की इससे पहले लोगों ने पास से पानी का टैंकर लाकर आग को बुझाया लेकिन तब तक पूरी कार जल गई। ये कार उदयपुर से पिंडवाड़ा की ओर जा रही थी।

# दो दिवसीय शांतिनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

पल पल राजस्थान

**उदयपुर।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्वावधान में झीलों की नगरी के अतिप्राचीन सीसारमा गांव में स्थित शांतिनाथ जैन मंदिर में बुधवार को आचार्य विजय पुण्य रत्न सूरीश्वर महाराज व आचार्य विजय यशोरत्न सूरीश्वर महाराज की प्रेरणा एवं तपस्वीरत्न आचार्य भगवंत पद्म भूषण रत्न सुरिश्वर महाराज, प्रन्यास प्रवर ऋषभ रत्न विजय महाराज, पंन्यास प्रवर निरागरत्न विजय महाराज, साध्वी भगवंत कीर्तिरेखा महाराज आदि ठाणा की निश्रा में दो दिवसीय शांतिनाथ भगवान, अभिनंदन स्वामी भगवान, संभव नाथ भगवान व माँ अम्बिका की प्रतिमा व आदेश्वर भगवान के पगलियाजी की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होगी। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया बुधवार 23 अप्रैल को प्रातः 8 बजे नवकारसी, 8.30 बजे घोड़े, रथ, गाजे-बाजे के साथ वरघोड़ा व गुरु भगवंतो का प्रवेश तथा 18 अभिषेक विधान का आयोजन होगा। उ सके बाद दोपहर 12 बजे स्वामिवात्सलय एवं सायं को संगीतकारों द्वारा आरती प्रभु भक्ति कार्यक्रम का आयोजन होगा। वहीं गुरुवार 24 अप्रैल को प्रातः 7.40 बजे तीनों प्रतिमाओं एवं पगलियाजी की प्राण प्रतिष्ठा विभिन्न मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न होगी। प्रतिष्ठा पश्चात नवकारसी का आयोजन होगा। नाहर ने बताया कि जिन मंदिर के जीर्णोद्धार के लाभार्थी श्री कुंथुनाथ गृह जिनालय, विजयनगर होंगे।

## श्री दिगम्बर जैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय खेरादीवाड़ा




पल पल राजस्थान

**उदयपुर।** शहर में आज पृथ्वी दिवस मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय में पोस्टर, भाषण ,निबंध प्रतियोगिता गतिविधियाँ आयोजित की गई कार्यक्रम प्रभारी यामिनी दशोरा ने बताया की इस खास दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण की तरफ लोगों का ध्यान खींचकर यह कोशिश करना है कि सभी लोग पृथ्वी को खुशहाल बनाए रखने में अपना योगदान दें। प्रधानाचार्या श्रीमती कला करनपुरीया ने सभी का पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक पौधा अनिवार्य रूप लगाने एवं अपने जन्म दिवस पर पौधा लगाकर उसकी देखरेख करने का संकल्प लेने की बात कही आगे बताया के इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम हमारी षक्ति हमारा ग्रह है जो नवीकरणीय ऊर्जा और टिकाऊ भविष्य के निर्माण पर जोर देता है। विद्यालय में समय पर विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की जाती है तथा पिछले कई वर्षो से जन्मदिन मनाओं पौधा लगाओं कार्यक्रम विद्यालय में चलाया जा रहा है। विद्यालय सचिव देवेन्द्र छाप्या ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# कमजोरी को ताकत में तब्दील करें : अग्रवाल



**उदयपुर।** नारायण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय 'अपनों से अपनी बात' कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रांतों से आए दिव्यांग एवं उनके परिजनों से बातचीत करते हुए संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि मनुष्य जब अपनी कमजोरी को अपनी ताकत बना लेता है तो उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं होता। दिव्यांगजन में भी कोई शारीरिक अक्षमता अथवा विकृति हैं तो ईश्वर ने उसे कुछ ऐसी खूबियां से भी नवाजा है जिसे विकसित कर वे सफलता का परचम फहरा सकते हैं। ऐसी अनेक शख्सियतें हैं भी जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्र में कीर्तिमान बनाएं हैं। जरूरत इस बात की है कि जज्बे और जुनून से काम किया जाए। बचपन, युवा व वृद्धावस्था के रूप में जीवन भी तीन घंटे के प्रश्नपत्र के समान है, जिसने स्वतंत्रता, स्वाभिमान, आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छा शक्ति से जीवन की गुत्थियों को हल कर लिया मानों उसने अपने जन्म को सार्थक कर दिया। विनम्रता मनुष्यता की और अकड़पन मुर्दे की पहचान है। विद्या, धन और शक्ति का अभिमान न कर उसका उपयोग परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में करें। कार्यक्रम में दिव्यांगजन और उनके परिजनों ने भी अपने जीवन में आए उतार.चढ़ाव बताए। उन्होंने कहा कि घटनाओं-दुर्घटनाओं ने उन्हें तोड़ दिया था किंतु उनके हौसले और प्रभु स्मरण ने उन्हें जीने की राह दिखाई। कार्यक्रम का संस्कार चैनल से देशभर में प्रसारण हुआ।

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न समितियों की बैठक आयोजित

**उदयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिला कलक्टर के निर्देशानुसार विभाग की एससी / एसटी एट्रोसिटी, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, लोकल लेवल कमेटी, माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम, नशामुक्त भारत अभियान तथा नवजीवन योजना अन्तर्गत गठित विभिन्न जिला स्तरीय समितियों की बैठक कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में आयोजित हुई। विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि जिले के विभिन्न पुलिस थानों में एट्रोसिटी संबंधित एफआईआर स्तर के 29 तथा चालान स्तर के 12 प्रकरण लंबित है ऐसे में बैठक में उक्त लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने एवं पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने के संबंध में चर्चा हुई, साथ ही दहेज संबंधी मामलों मे सावधानी एवं सर्तकता पूर्वक अनुसंधान करने, नशामुक्त भारत अभियान के तहत् नशे के विरुद्ध व्यापक प्रचार.प्रसार करने संबंधित निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में पुलिस,महिला अधिकारिता, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचने का एकमात्र उपाय

**उदयपुर।** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अन्तर्गत मंगलवार को दी उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड द्वारा प्रबंध निदेषक अनिमेष पुरोहित के निर्देषन में जवाहर विद्यापीठ, कानोड के विद्यार्थियों के लिए साइबर सिक्युरिटी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में जवाहर विद्यापीठ के सचिव डॉ आनन्द धींग एवं प्रधानाध्यापिका सविता वैरागी ने अतिथियों का स्वागत किया। बैक की अधिषाषी डॉ मेहजबीन बानो ने सहकारिता वर्ष की अवधारणा को समझाते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करवाया। बैंक



की भीण्डर शाखा के वरिष्ठ प्रबन्धक राजेश टेलर ने विद्यार्थियों को सहकारी बैंक एवं बैंक की सुविधाओं तथा सेवाओं का संक्षिप्त परिचय दिया। प्रथम सत्र में बैंक के आई.टी. प्रबन्धक श्री हितेष कुमार पंचाल ने वर्तमान में प्रचलित विभिन्न साईबर अपराधों के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। श्री पंचाल ने कहा कि विद्यार्थी सामान्यतया सोषल मीडिया का उपयोग करते समय बाहरी लिंक्स पर क्लिक कर देते हैं जिसके कारण उनका व्यक्तिगत डेटा हेकर्स के पास पहुंच जाता है तथा अपराधी बैंक फ्राड्स को अंजाम दे देते हैं। वक्ता ने सुझाव दिया कि सभी को अपने पासवर्डस सावधानी से रखने चाहिए तथा मोबाइल पर आए हुए ओटीपी कभी भी किसी व्यक्ति से साझा नहीं करने चाहिए। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में दी उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के आई.टी. हैड निपुण चितौडा ने विषय वस्तु पर प्रकाष डाला। उन्होंने बताया कि साईबर फ्राड होने की स्थिति में इसकी जानकारी तुरन्त ही नजदीकी साईबर पुलिस थाना अथवा 1930 नम्बर डायल करके देने की जानकारी दी, ताकि तुरन्त कार्यवाही करके अपराधी को पकडा जा सके। श्री चितौडा ने कहा कि जागरूकता ही साईबर अपराधों से बचने का एकमात्र उपाय है। अतः कभी भी अवांछित फोन कॉल्स का उत्तर न दें तथा मुफ्त की योजनाओं के झॉसे में नहीं आएं।

### सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा पर बोला हमला, कहा

# नेशनल हेराल्ड मामला भाजपा का ध्यान भटकाने का प्रयास

**रायपुर,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला भारतीय जनता पार्टी की ओर से ध्यान भटकाने, बरगलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़ने का एक प्रयास है।

सुश्री श्रीनेत ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा का काम देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना। अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाना। स्वतंत्रता संग्राम को तोड़-मरोड़ कर पेश करना और देश की विरासत का अपमान करना है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए कांग्रेस पार्टी के ऐतिहासिक गुजरात अधिवेशन से बौखलाए मोदी-शाह की जोड़ी ने फिर से कांग्रेस पार्टी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)- अपनी पसंदीदा आपराधिक वसूली मशीन- को छोड़ दिया है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा दायर तथाकथित आरोप पत्र कुछ और नहीं बल्कि विशुद्ध राजनीतिक षड्यंत्र है। गांधी परिवार का हर सदस्य- चाहे वह राजनीति में हो या नहीं-भाजपा द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि विडंबना यह है कि पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप ऐसे मामले में लगाए जा रहे है, जिसमें एक भी पैसा या संपत्ति हस्तांतरित नहीं की गई है। बैलेंस शीट को कर्ज मुक्त बनाने के लिए कर्ज को इक्विटी में बदला जाता है। यह एक आम प्रथा है और पूरी तरह से कानूनी है। जब पैसा ही नहीं है, तो लॉन्ड्रिंग कहां है? यह एक षड़यंत्रकारी राजनीतिक ठगी है। मोदी सरकार ने ईडी को अपना 'चुनाव विभाग' बना लिया है और बेशर्मी से और बार-बार प्रतिशोध के लिए इसका दुरुपयोग कर रही है। ईडी के मामलों



में सजा की दर सिर्फ एक प्रतिशत है। इसके अलावा, ईडी ने जो राजनीतिक मामले दर्ज किए है, उनमें से 98 प्रतिशत तमामले सत्ताधारी पार्टी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ है।

श्रीमती सोनिया गांधी, श्री राहुल गांधी और श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा के परिवार के खिलाफ मनगढ़ंत मामलों की जा रही साजिश सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से कम नहीं है। फर्जी और झूठे मामलों के माध्यम से नेतृत्व और उनके परिवारों को निशाना बनाकर, भाजपा सरकार कांग्रेस पार्टी को दबाने की पूरी कोशिश कर रही है - एकमात्र ताकत जो लगातार लोगों के साथ और इस देश की आत्मा के लिए खड़ी रही है। यह बदले की राजनीति का सबसे बुरा रूप है। सुश्री श्रीनेत ने कहा कि 1937 में पुरूषोत्तम दास टंडन, आचार्य नरेंद्र देव और रफी अहमद किदवई जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के साथ, पंडित जवाहर लाल नेहरू ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के स्वतंत्रता संग्राम की मुख्य आवाज के रूप में नेशनल हेराल्ड अखबार की शुरुआत की, जिसके हिंदी और उर्दू संस्करण नवजीवन और कौमी आवाज शीर्षक से प्रकाशित हुए।

**पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप ऐसे मामले में लगाए जा रहे है, जिसमें एक भी पैसा या संपत्ति हस्तांतरित नहीं की गई है। बैलेंस शीट को कर्ज मुक्त बनाने के लिए कर्ज को इक्विटी में बदला जाता है। यह एक आम प्रथा है और पूरी तरह से कानूनी है: सुप्रिया श्रीनेत, राष्ट्रीय नेता कांग्रेस**

### अहमदाबाद में कांग्रेस के अधिवेशन से घबराई सरकार, नेशनल हेराल्ड केस में लगाए जा रहे झूठे आरोप : उदित राज

**देहरादून।** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता उदित राज ने नेशनल हेराल्ड मामले में पार्टी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। हाल में अहमदाबाद में हुए कांग्रेस के अधिवेशन से सरकार घबरा गई है। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा, 'नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस पर लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोप झूठे हैं। साल 1936 में पंडित नेहरू ने एजीएल कंपनी बनाई, जिसमें पुरुषोत्तम दास टंडन समेत कई नेता जुड़े रहे। यह अखबार अंग्रेजों के खिलाफ निकाला गया था, लेकिन अंग्रेजों ने इसे बंद करा दिया था। आज अंग्रेजों के पिट्ठू (आरएसएस-भाजपा) हम पर गबन का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, 'घाटा होने पर कांग्रेस ने 90 करोड़ रुपये का लोन लिया था, जिसे न चुकाने की स्थिति में शेयर जारी किया, जिसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कई नेताओं के नाम शामिल थे।

## महाराष्ट्र चुनाव पर राहुल गांधी के सवालों का गणित के हिसाब से भी कोई तुक नहीं बनता : आयोग

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां) महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के विदेशी धरती से उठाए गए सवालों के एक दिन बाद आयोग के सूत्रों ने खारिज किया और कहा कि सामान्य गणित और स्थापित प्रक्रियाओं के हिसाब से वहां हुए मतदान की रफ्तार और मतदाता-सूची की शुद्धता को लेकर विपक्ष के नेता के सवालों का कोई तुक नहीं बनता । आयोग के एक अधिकारी ने आपना नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा कि 20 नवंबर 2024 को महाराष्ट्र विधान सभा के चुनाव में सुबह से साम तक प्रति घंटे मतदान की जो औसत रफ्तार देखी गयी उसके हिसाब से दो घंटे में एक करोड़ 16 लाख मतदाताओं ने वोट डाले होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में चुनाव से पहले मतदाता सूचियों का




■ राहुल गांधी के विदेशी धरती से उठाए गए सवालों को आयोग के सूत्रों ने खारिज किया

संशोधित मसौदा कांग्रेस पार्टी सहित सभी दलों को दिया गया था और इतने बड़े राज्य में नौ करोड़ से अधिक नामों की सूची को लेकर उंगली पर गिनने भर की कुछ गिनी चुनी आपत्तियां ही आयी थी जिनका परिमार्जन कर दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि श्री गांधी ने रविवार को बोस्टन में एक कार्यक्रम में कहा था, 'महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में चुनाव आयोग ने कुछ समझौता कर लिया था' और 'सिस्टम में कुछ गड़बड़ी थी।' उन्होंने कहा था कि चुनाव आयोग ने शाम 5:30 पर मतादान का आंकड़ा दिया था और उसके बाद आयोग के अनुसार 7:30 तक 65 लाख लोगोंने वोट डाले। कांग्रेस नेता ने इसे असंभव बताया था। उनका गणित है कि हर मतदान में तीन मिनट का समय लगता है और इस हिसाब से वहां उस दिन मतदान केंद्रों पर रात दो बजे तक भी मतदान करने वालों की कतार समाप्त नहीं होती।

**20 नवंबर 2024 को महाराष्ट्र विधान सभा के चुनाव में सुबह से शाम तक प्रति घंटे मतदान की जो औसत रफ्तार देखी गई उसके हिसाब से दो घंटे में एक करोड़ 16 लाख मतदाताओं ने वोट डाले होंगे : आयोग सूत्र**

### कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' 28 अप्रैल को ग्वालियर में

भोपाल, 22 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया है कि राज्य में कांग्रेस 28 अप्रैल को ग्वालियर में विशाल रैली का आयोजन करने जा रही है। राजधानी भोपाल में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी एवं राजनीतिक मामलों की बैठक के बाद उमंग सिंघार ने कहा कि देश में संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का हनन किया जा रहा है। किसान, मजदूर, गरीब, युवा परेशान हैं। इनके हक के लिए कांग्रेस लड़ने को तैयार है। इसी क्रम में 28 अप्रैल को ग्वालियर में एक विशाल रैली होने जा रही है। बताया गया है कि मंगलवार को हुई बैठक में कांग्रेस संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता देने, एवं आगामी आंदोलनों एवं अभियानों को लेकर रणनीतिक चर्चा की गई।

## सार संक्षेप

### ममता बनर्जी मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद का दौरा करेंगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की कि वह मुर्शिदाबाद की हालात का आकलन करने के लिए मई के पहले सप्ताह में वहां का दौरा करेंगी। मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुए दंगों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा, 'हिंसा दो वार्डों में हुई और कुछ स्थानीय व्यक्तियों के समर्थन से कुछ बाहरी लोगों द्वारा भड़काई गई। हम जिम्मेदार लोगों की पहचान करेंगे और उन्हें बेनकाब करेंगे।' पश्चिम मेदिनीपुर जिले के गोलतोर में 125 मेगावाट के सौर फोटोवोल्टिक संयंत्र का उद्घाटन करने के लिए आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने हिंसा में जान गंवाने वालों के परिवारों के लिए 10 लाख रुपये मंजूर किए हैं। राज्य सरकार उनके बच्चों की शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी भी लेगी। मैं मामले को सुलझाने के लिए मई की शुरुआत में व्यक्तिगत रूप से इलाके का दौरा करूंगी।

### कांग्रेस और राजद परिवार की पार्टी : नित्यानंद राय

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और भाजपा के नेता नित्यानंद राय ने परिवारवाद को लेकर राजद और कांग्रेस को घेरा। उन्होंने दोनों दलों को परिवार की पार्टी बताया है। उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां सत्ता के लिए ही काम करती हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सत्ता के लिए भाजपा और जेडीयू के गठबंधन बनाए जाने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद परिवारवाद की पार्टी हैं। इन दोनों पार्टियों का इतिहास ही रहा है कि ये कुर्सी और सत्ता के लिए ही सारा काम करते हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राजद और कांग्रेस का इतिहास उठाकर देखिए। इनका इतिहास ही भ्रष्टाचार करना और अपराधियों को संरक्षण देना है।

### 'वक्फ' कानून पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने की मुसलमानों से चर्चा

**मुंबई।** वक्फ कानून को लेकर मंगलवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मुंबई में मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान उन्हें वक्फ कानून के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे यह कानून देश के गरीब मुसलमानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। मुंबई में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'आज मुंबई में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत आम जन से मुलाकात कर संबोधित किया।

# राजनाथ सिंह, खड़गे समेत तमाम नेताओं ने की पहलगाम हमले की निंदा

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम हिल स्टेशन पर मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में एक पर्यटक की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में नौ पर्यटक और तीन स्थानीय लोग शामिल हैं।

यह हमला पहलगाम के बैसरन इलाके में हुआ, जहां आतंकवादियों ने पर्यटकों के एक समूह को निशाना बनाया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत तमाम नेताओं ने इस हमले की निंदा की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हमले की निंदा करते हुए एक्स पोस्ट पर लिखा, 'जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले की खबर से बहुत दुखी हूं। निर्दोष नागरिकों पर यह हमला कायरतापूर्ण और अत्यंत निंदनीय है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।'

#### आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट पर लिखा, 'मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। पूरा देश सीमा पार आतंकवाद के



**'जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले की खबर से बहुत दुखी हूं। निर्दोष नागरिकों पर यह हमला कायरतापूर्ण और अत्यंत निंदनीय है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं : राजनाथ सिंह**

खिलाफ एकजुट है। ये कायराना तरीके से किए गए हमले मानवता पर एक धब्बा हैं। समाचार रिपोर्टों से पता चलता है कि कई अनमोल जानें चली गई हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से, पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों के साथ हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और हम भारत सरकार से इसे सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह करते हैं।'



#### आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने की घटना दिल दहलाने वाली : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, 'जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की ख़बर बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली है। मैं शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं। आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य होने के खोखले दावों के बजाय अब जवाबदेही लेते हुए ठोस कदम उठाए, ताकि आगे ऐसी बर्बर घटनाएं न होने पाएं और निर्दोष भारतीय यूं अपनी जान न गंवाएं।'

#### पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमला शर्मनाक कृत्य : प्रियंका

वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, 'जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय एवं शर्मनाक कृत्य है। निहत्थे-निर्दोष आम नागरिकों को निशाना बनाना मानवता के खिलाफ अपराध है। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और कड़े स्वर में इसकी निंदा करता है। खबरों के मुताबिक, इस हमले में कई पर्यटक हताहत हुए हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।'

#### पहलगाम में हुए कायराना हमले निंदनीय : सज्जाद लोन

जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'पहलगाम में हुए कायराना हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं। दशकों से हम एक बेहतरीन मेजबान के रूप में जाने जाते हैं। हमारे यहां मेहमाननवाजी का इतिहास रहा है। कुछ कायर आतंकवादी इसे पूरी तरह से नष्ट करना चाहते हैं। पर्यटन उद्योग को नुकसान हुआ है। पर्यटन से जुड़े लोगों ने लंबे समय के बाद अपनी जिंदगी फिर से शुरू की है। उन्होंने सपने देखना शुरू किया था, लेकिन बदसूरत खलनायक सब कुछ चकनाचूर करने के लिए मौजूद हैं। कोई गलती न करें।' उन्होंने एक्स पोस्ट पर आगे लिखा, 'इन आतंकी हमलों का उद्देश्य एक बार फिर हमें आर्थिक रूप से कमजोर करना है। जो लोग ऐसा करते हैं, वे कश्मीरियों के सबसे बड़े दुश्मन हैं। वे हमारे मेहमाननवाजी के इतिहास को कलंकित करते हैं, हमारे गौरवशाली अतीत को कलंकित करते हैं। वे हमारे वर्तमान पर अभिशाप हैं। वे हमारी युवा पीढ़ी के बच्चों के दुश्मन हैं। हमें एकजुट होकर यह संदेश देना होगा कि आतंक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### धनखड़ के लिए व्यक्ति विशेष सर्वोपरि लेकिन हमारे लिए संविधान : दानिश अली

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुँवर दानिश अली ने उप राष्ट्रपति



जगदीप धनखड़ की टिप्पणी पर तीखी आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि उनके लिए व्यक्ति विशेष सबसे ऊपर हो सकता है लेकिन हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है। पूर्व संसद ने 'एक्स' पर कहा 'उपराष्ट्रपति धनखड़ जी के लिए व्यक्ति विशेष सबसे ऊपर हो सकता है लेकिन हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है। संसद या कार्यपालिका की आड़ में लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर एक व्यक्ति विशेष को सर्वशक्तिमान बनाने की जो मुहिम चलाई जा रही है इसे देश माफ नहीं करेगा।' उन्होंने कहा, 'संविधान जनता का है, न कि सत्ता में बैठे किसी 'चुने हुए राजा' का। जनप्रतिनिधि जनता के सेवक होते हैं, मालिक नहीं। अब जब न्यायपालिका आंख में आंख डालकर सच दिखा रही है, तो इन 'मालिकों' को संविधान ही बोझ लगने लगा है। देश जानता है इन हुक्मबरदारों को नियुक्त करने वाला 'मास्टर' कौन है।' उल्लेखनीय है कि उप राष्ट्रपति ने संवैधानिक पदों को अलंकरण बताने की धारणा को गलत करार देते हुए आज कहा कि संविधान में संसद से ऊपर किसी संस्थान की परिकल्पना नहीं है।

### अखिलेश यादव का भाजपा पर तंज

## 'एक फेज में चुनाव तक नहीं करा पाते'

**लखनऊ,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' और ईवीएम समेत तमाम मुद्दों को लेकर केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा, 'पहले भी बहुत सारे राजनीतिक दल, संस्थाएं, बुद्धिजीवी, प्रोफेसर, इंजीनियर, वैज्ञानिक समय-समय पर इस बात को उठा चुके हैं कि उन्हें ईवीएम पर अब भरोसा नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो बात कही, उसके बाद लोगों का ईवीएम से और भी भरोसा उठ गया। हम लोग रोजाना देखते हैं कि एटीएम से पैसा निकाल लिया जाता है, साइबर क्राइम बढ़ रहे हैं। कोई ऑनलाइन कस्टम, इनकम टैक्स, सीबीआई का फर्जी अफसर बन गया और पैसे लूट लिए। इसके बाद पता नहीं चलता कि पैसा कहां गया। साइबर क्राइम में यूपी



नंबर वन है। अगर एक बार पैसा चला जाता है, तो सरकार उसे ढूंढ नहीं पाती है। आए दिन मोबाइल हैक होने की खबर आती है। ऐसे में ईवीएम तो छोटी सी इलेक्ट्रॉनिक मशीन है। अगर ईवीएम पर किसी को भरोसा नहीं है तो बैलेट से वोट करना सबसे अच्छा ऑप्शन है।'

उन्होंने कहा, 'जो 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की बात कर रहे हैं, वो एक फेज में चुनाव नहीं करा पा रहे हैं। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' वाले यूपी का वन फेज में इलेक्शन करके दिखाएं।'

**■ अखिलेश यादव ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' और ईवीएम समेत तमाम मुद्दों को लेकर केंद्र व भाजपा पर निशाना साधा**

#### निशिकांत दुबे भाजपा के सबसे खास सांसद हैं : यादव

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के हालिया बयान पर उन्होंने कहा, 'वो भाजपा के सबसे खास सांसद हैं। जो बात भाजपा नहीं बोल पाती है, वो समय-समय पर अपने सांसदों से बुलवाती है।' पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा पर राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'मुर्शिदाबाद में बहुत सारे लोगों पर कार्रवाई हुई है। 100 से ज्यादा लोग गिरफ्तार हुए हैं। हिंसा को लेकर जांच चल रही है। भाजपा वहां पर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है।

## तेजस्वी ने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा

**पटना,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को एक बार फिर घेरा है। उन्होंने बिहार में मोदी-नीतीश का महाजंगलराज बताते हुए हाल की घटनाओं का भी जिक्र किया है। इधर, भाजपा और जदयू ने भी पलटवार करने में देरी नहीं की।



**बिहार में मोदी-नीतीश का महाजंगलराज कायम**


राजद के नेता तेजस्वी यादव ने सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर बिहार में आपराधिक घटनाओं की लिस्ट जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यहां हर मिनट में आपराधिक वारदात हो रही है। तेजस्वी यादव ने अपने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'बिहार में मोदी-नीतीश का महाजंगलराज। बेगूसराय में दो युवकों की हत्या, सुपौल में एक व्यक्ति की हत्या, नालंदा में सुखदेव ठाकुर की गोली मारकर हत्या, मुंगेर में 16 वर्षीय युवक को गोली मारी, पटना में जदयू नेत्री सोनी निषाद को गोली मारी, नालंदा में दो महिलाओं की हत्या, पटना में बस ड्राइवर की गोली मारकर हत्या।' उन्होंने आगे लिखा कि कितनी हत्याओं की जानकारी दें, यहां हर मिनट में आपराधिक वारदात हो रही है। बिहार में विधि व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है। पुलिस शराबबंदी के नाम पर उगाही में लीन है।

### संदेश | अर्थ डे के अवसर पर एक विशेष डूडल जारी किया

# गूगल ने अर्थ डे पर डूडल में जलवायु परिवर्तन का दिखाया संकट

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल (एजेंसियां)। गूगल ने 22 अप्रैल 2025 को अर्थ डे के अवसर पर एक विशेष डूडल जारी किया है, जो जलवायु परिवर्तन के गंभीर संकट पर केंद्रित है। इस डूडल का उद्देश्य लोगों को पृथ्वी के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का संदेश देना है।**

डूडल में स्पष्ट किया गया है कि हमारी पृथ्वी खतरे में है। जलवायु परिवर्तन के कारण धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके कारण भयंकर तूफान, बाढ़ और सूखे जैसी आपदाएं सामने आ रही हैं। अर्थ डे दुनिया को याद दिलाता है कि पृथ्वी की रक्षा करना प्रत्येक इंसान की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।



डूडल में पृथ्वी के विभिन्न हिस्सों की सुंदरता और विविधता को दिखाया गया है। गूगल का यह डूडल लोगों को पृथ्वी को बचाने के लिए प्रेरित करता है और दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जैसे कि जहां संभव हो वहां निजी वाहन की बजाय साइकिल या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना, घर और कार्यालय में सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय विकल्पों को तवज्जो देना ,पेड़ लगाने वाली संस्थाओं को सहयोग देना या वृक्षारोपण करना और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी पुस्तकें पढ़ना और लेखों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने समेत कई कदम उठाये जा सकते हैं।

**■ प्रत्येक व्यक्ति को दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनानी चाहिए**
**■ ऊर्जा की बचत करना, पानी का संरक्षण करना, और कूड़ा-कचरा प्रबंधन करना चाहिए**

प्रत्येक व्यक्ति को दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनानी चाहिए, जैसे कि ऊर्जा की बचत करना, पानी का संरक्षण करना, और कूड़ा-कचरा प्रबंधन करना। पृथ्वी को बचाने की दिशा में कारगर कदम उठाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित भविष्य का निर्माण किया जा सकता है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशक, संपादक संजय कुमार चौबीसा द्वारा 20ए न्यू विद्यानगर हिरण मगरी सेक्टर 4 उदयपुर 313002 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक विजय अरोड़ा द्वारा मैसर्स न्यूट्रेक ऑफसेट एवं प्रिंटर्स 13, भोपा मगरी, हिरण मगरी सेक्टर-3 उदयपुर से मुद्रित। फोन : 9024464356 Mail- Palpalrajasthan8@gmail.com

पल पल राजस्थान

हर पल की खबर

➲ प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 2 | RAJHIN/2021/81855 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

facebook

https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/

YouTube

https://www.youtube.com/channel/UC7p9DxdST-1wvxPMtFiPOQNw

Instagram

instagram.com/pal-palrajasthannews

Gmail

palpalrajasthan8@gmail.com

**Whatsaap No.**

9024464356, 9001259073, 96729 79379